तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

12 गोंडा पंचायत में जल संरक्षण के लिए डब्ल्यू ए टी निर्माण...



11 सुशासन शिविर में मिले राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, ...





## खबर संक्षेप



### चाकू से हमला, आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम बेलसोंडा में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बेलसोंडा के राकेश पारधी ने बताया कि 20 मई की दोपहर 3 बजे वह अपने घर के बाहर गली में बैठा हुआ था। इसी दौरान मोहल्ले के जितेश पारधी आया और बिड़ी और माचिस मांगने लगा, जब उसने नहीं है कहा तब गाली गलौज करते हुए उसने अपने पेंट के जेब में रखे चाकू को निकाला और उस पर वार करने लगा। जब उसने बचाव किया तब चाकू के वार से बाएं हाथ की कलाई में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम मुढ़ेना युवक के साथ मारपीट करने वालेआरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को डुमेश्वर निषाद ने बताया कि 19 मई की रात को 8 बजे वार्ड नं 10 दुर्गा चौक ग्राम मुढेना में बैठा था, तभी गांव के रोशन निषाद , भुरू निषाद और कामदेव निषाद वहां पर आए। तभी रोशन ने मेरी बहन से क्यों बातचीत करता है कहकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद तीनों ने हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कत्लखाना ले जाए जा रहे बैलों को छुड़ाया गया

**महासमुंद**। बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वाले आरोपी के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा के जगमीत राय ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह 21 मई को अपने दोस्तों के साथ सुबह कोमाखान, कुलिया, बंधापार, गोयनाबाहरा की ओर घूमने गया था, तभी एक व्यक्ति 02 बैल को गोयनाबाहरा अमरैय्या की ओर से मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक बिना चारा पानी दिये ले जा रहा था, जिसने पूछताछ में अपना नाम कार्तिकराम पिता स्व बुधराम (50 साल) निवासी पंडराचुंआ थाना कोमाखान का रहने वाला बताया। जिसने दोनों बैल को ओडिशा कत्लखाना ले जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक भवन, स्कूल उन्नयन, संयुक्त कार्यालय भवन सहित सीसी रोड की घोषणा की

# सुशासन तिहार का उद्देश्य है शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना : सीएम साय

## करहीबाजार समाधान शिविर में 147 हितग्राहियों को सौंपे विभिन्न योजनाओं की सामग्री और दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य सरकार को गांव-गांव तक पहुंचाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को प्राथमिकता के साथ पूरा किया है। उन्होंने बताया कि सरकार बनते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए और दो वर्षों में 10 लाख आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और दो वर्षों का बकाया बोनस भी दिया गया है।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं के खातों में 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से महिलाएं बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों और छोटे व्यवसायों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

मुख्यमंत्री ने लखपति दीदी अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और आगे करोड़पति दीदी बनने की दिशा में बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। प्रदेश की 6000 से अधिक पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां लोगों को प्रमाण पत्र, राजस्व रिकॉर्ड, बैंकिंग और अन्य सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अब रजिस्ट्री के साथ तत्काल नामांतरण की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं होगी।



### समस्याओं का हो रहा सीधा समाधान

मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार यह जानने के लिए गांवों तक पहुंच रही है कि लोगों को पानी, बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर मिल रही हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि रायपुर में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं को पूरी तरह समझा नहीं जा सकता, इसलिए पूरी सरकार गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगातार दूसरे वर्ष सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में समाधान शिविर आयोजित कर आम जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक अनेक स्थानों पर शिविर संपन्न हो चुके हैं तथा आगामी दिनों में भी शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्राम करहीबाजार में सर्व समाज हेतु सांकृतिक भवन का निर्माण हेतु 25 लाख देने, ग्राम करहीबाजार में सी.सी रोड निर्माण कार्य सुकालू के घर से सिद्ध बाबा मार्ग तक लागत राशि 25 लाख, हायर सेकंडरी स्कूल करहीबाजार एवं कोदवा में भवन निर्माण, भाटापारा में एसडीएम तहसील हेतु संयुक्त कार्यालय भवन की स्वीकृति,मिडिल स्कूल गुड़ेलिया का हाई स्कूल उन्नयन, ग्राम विटकुली में मांगलिक भवन निर्माण हेतु 20 लाख एवं ग्राम पंचायत कोठमी,ग्राम पंचायत मोपका,ग्राम पंचायत कोनी,ग्राम पंचायत बोरसी, ग्राम पंचायत कोदवा, ग्राम पंचायत पाटन, ग्राम पंचायत रामपुर में 10-10 लाख रुपए की लागत से सी सी रोड निर्माण की घोषणा की।



### मुख्यमंत्री ने की यातायात जागरूकता अभियान की सराहना

भाटापारा। ग्राम करहीबाजार में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुलिस द्वारा संचालित यातायात जागरूकता अभियान की सराहना की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को हेलमेट वितरित किए गए तथा मुख्यमंत्री द्वारा मोटरसाइकिल चालकों से सदैव हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने की अपील की गई। मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु चलाए जा रहे। इस अभियान को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताया। पुलिस द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहायता मिल रही है।



मुख्यमंत्री ने कही कि सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शुरू करने जा रही है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं ऑनलाइन और टोल फ्री नंबर के जरिए दर्ज करा सकेंगे तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 147 हितग्राहियों को लाभान्वित किया तथा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं और स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुविधा और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री उप सचिव एवं जनसंपर्क आयुक्त रजत बंसल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## तेज धूप में अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

- अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित
- पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी

ग्राम घटमड़वा में शुक्रवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति तेज धुप में तड़प रहा था और एम्बुलेंस से कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच उपरांत डाक्टरों ने उक्त व्यक्ति मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम बैजनाथ थाना कसडोल के रामचरण पिता रामचंद्र श्रीवास 55 वर्ष रूप में हुई है। मृतक ग्राम गिधौरी में भीख मांग कर गुजर कर रहा था तथा शराब पीने का आदि था और अपने गांव बैजनाथ नहीं रहते था।



शुक्रवार को ग्राम घटमडवा में स्कूल के सामने ट्रांसफर के पास दोपहर में अचेत पड़ा हुआ था, जिसे ग्राम के सरपंच लच्छी राम गोंड द्वारा एम्बुलेंस बुलाकर कसडोल अस्पताल भेजा गया, जिसमें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई, पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में जुटी है।

### बुजुर्ग ने पेड़ पर लगाई फांसी

**गिधौरी**। थाना क्षेत्र के ग्राम धमलपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग ने गांव हिरा सागर तालाब के पार पर अज्ञात कारण से पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



जानकारी के अनुसार ग्राम धमलपुर के हिरा सागर तालाब पार पर पेड़ पर शुक्रवार को गांव के शत्रुघन पिता भुकुतराम केवट 70 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी ग्रामीणों को हुई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे गिधौरी पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति के शव को उतारकर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है और गिधौरी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महानदी के तट पर मनाया गया विश्व जैव विविधता दिवस, विलुप्त होते वन्यजीवों के संरक्षण की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शुक्रवार को वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील वन मंडल बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी डा. एकता कर के नेतृत्व में विकासखण्ड पलारी के चित्रोत्पला महानदी के पावन तट वन विश्राम गृह प्रांगण में विश्व जैव विविधता दिवस के आयोजित हुआ, कार्यक्रम मे जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा ने अध्यक्षता की विशिष्ट अतिथि सरपंच हरदयाल पैकरा रहे तथा मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्राधिकारी डा. एकता कर,बलौदाबाजार सहा. परिक्षेत्र अधिकारी राधेलाल चंद्राकर, वनपाल धर्म सिंह बरिहा, परिसर रक्षी वीट प्रभारी धमनी मनबोधन टंडन, सहा. वीट धमनी ⏩ शेष पेज 11 पर




### वन संरक्षण के लिए सामूहिक जागरूकता जरूरी

आसंदी से मुख्य अतिथि वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदाबाजार डा. एकता कर ने अपने संबोधन मे कही पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाले गिद्धों और पूर्व जंगल में पाए जाने वाले वन्यप्राणी लक्कडबग्घा आज विलुप्ति के कगार में है जिसके लिये हमे मिलकर सामूहिक रूप से वन सुरक्षा वन संरक्षण संवर्धन के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए उपस्थित सभी महिलाओं और पुरुष वर्गों को शपथ दिलाते हुए एक पौधे लगाकर उसे बढ़ाने के उपायों पर जोर दिया गया।डा. एकता कर ने वन निकट वासियों को अपने जंगल को सुरक्षित रखने के लिए आग से बचाव हेतु अवैध कटाई रोकने एक जुटता बनाए रखने के लिए सराहना किया।

### गांवों में कराई गई मुनादी, जंगल से लकड़ी और महुआ चुनने पर लगी रोक

# बलौदाबाजार-महासमुंद सीमा पर दतैल हाथी की आमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

वन मंडल बलौदाबाजार के अंतर्गत रवान वन परिक्षेत्र में एक दतैल (नर) हाथी के विचरण की सूचना से सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल है। हाथी की लगातार मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने 18 गांवों में हाई अलर्ट जारी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार 22 मई को ग्राम मुरुमडीह निवासी किसान आनंद खड़िया के खेत में हाथी घुस गया और धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 125, 126 और 127 के जंगल क्षेत्र की ओर बढ़ गया, जहां वर्तमान में उसके विचरण करने की जानकारी मिली है।

18 गांवों में हाई अलर्ट



चूंकि यह इलाका वन मंडल बलौदाबाजार और महासमुंद की सीमा पर स्थित है, इसलिए दोनों वन मंडलों के अधिकारी और कर्मचारी अलर्ट मोड पर हैं। वन विभाग ने मुरुमडीह, दालदली, तालाझर, छताल, कौहाबाहरा, रायतुम, सिंघनगढ़, रुमेकेल, बदोरा, खिरशाली, केशलडीह, सुकुलबाय, नांदबारुद, रायकेरा, मरौदा, अमलोर, चुहरी और बोरिद गांवों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। ग्रामीणों तक मुनादी और सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना पहुंचाई जा रही है।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जब तक हाथी क्षेत्र में मौजूद है, तब तक ⏩ शेष पेज 11 पर

### ग्रामीण अफवाहों से बचे

रात के समय ग्रामीणों को अनावश्यक घर से बाहर नहीं निकलने, जरूरत पड़ने पर समूह में टॉर्च, मशाल और लाठी के साथ निकलने की सलाह दी गई है। साथ ही हाथी दिखाई देने पर तत्काल बीट गार्ड, फॉरेस्टर या पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना देने की अपील की गई है। वन विभाग ने कहा है कि ग्रामीण अफवाहों से बचें, सतर्क रहे और वन कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।



**खबर संक्षेप**

## 'लाल रिबन वाली लड़की' उपन्यास का विमोचन आज



**रायपुर।** लेखिका एवं व्यंग्यकार डॉ. स्नेहलता पाठक के नए उपन्यास 'लाल रिबन वाली लड़की' विमोचन समारोह छत्तीसगढ़ मित्र और वैभव प्रकाशन द्वारा 22 मई को शाम 5.30 बजे वृंदावन सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुशील त्रिवेदी पूर्व आईएएस एवं संपादक छत्तीसगढ़ मित्र, अध्यक्षता रवि श्रीवास्तव वरिष्ठ साहित्यकार भिलाई, विशिष्ट अतिथि डॉ. चितरंजन कर, गिरीश पंकज, सुभाष मिश्र, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, डॉ. सुधीर शर्मा, रवि तिवारी सहित साहित्य से जुड़े लोग शामिल होंगे।

## खाद की किल्लत से किसान आक्रोशित, सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में समय पर खाद न मिलने से किसानों में भारी आक्रोश है। खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को मजबूरन सोसाइटियों और सहकारी समितियों में तालाबंदी करनी पड़ रही है, ताकि पिछले वर्षों की भांति इस बार भी उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को दोंदेंकला, दोंदेंखुर्द, मटिया, लालपुर, तर्रा, जरोदा के किसानों ने खाद के लिए तालाबंदी कर पूर्व वर्ष की भांति मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। आगामी दिनों में अगर किसानों को खाद पूरी मात्रा में पूर्व वर्ष भांति नहीं मिली तो समस्त गांवों के किसानों की बैठक कर आगे उग्र आंदोलन के लिए बैठक अतिशीघ्र बुलाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर किसान नेता, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने बताया कि दोंदेकला सेवा सहकारी समिति में पूर्व वर्ष की भांति खाद की मांग को लेकर एकत्रित किसानों द्वारा समिति प्रभारी को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा और रोष में समिति में तालाबंदी की गई, ताकि किसानों को बाहर के बिचौलियों से ठगी का शिकार न होना पड़े।

# गर्मी में सूख गए 90 बोरवेल, जलसंकट क्षेत्रों में 31 जगह नए खनन, 24 की चल रही वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में इस बार तेज गर्मी के कारण अलग-अलग स्थानों के 90 सार्वजनिक बोरवेल सूख गए। जल संकट प्रभावित इलाकों में मांग के आधार पर नगर निगम के जल विभाग ने 55 स्थानों पर सर्वे कर नए बोरवेल खनन का प्रस्ताव मंगाया। इसमें से अब तक 31 स्थानों पर अनुबंधित ठेकेदार द्वारा बोरवेल खनन कराया गया है, जबकि 24 चयनित स्थानों पर लोगों की पेयजल समस्या दूर करने नए बोरवेल खनन कराने का कार्य बाकी है, जबकि 30 मई तक बोरवेल खनन कराया जाना है। इसे देखते हुए निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरुवार को गांधी सदन में आयोजित टीएल बैठक में बंद पड़े बोरवेल की जोनवार जानकारी मंगाई है।

राजधानी में पेयजल की समस्या दूर करने जल विभाग ने ऑनलाइन टेंडर कर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसओआर दर पर नए बोरवेल खनन करने सबसे कम दर कोड करने वाले ठेकेदार को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों के जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में करीब 200 पाइंट पर बोरवेल खनन कराने संबंधित वार्ड के पार्षदों ने जोन के माध्यम से मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा। जल बोर्ड और नगर निगम के जल विभाग ने इनमें से 55 ऐसे स्थानों पर बोरवेल खनन कराने की अनुशंसा की, जहां पानी की समस्या सबसे ज्यादा है।

### जल विभाग के पास 10 दिन का बचा समय



निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने टीएल बैठक में बंद पड़े बोरवेल की मांगी जानकारी

## मंगाई जानकारी, वर्षा जल संग्रहण पर दिया जोर



नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गांधी सदन में गुरुवार को टीएल बैठक ली। इसमें अलग-अलग विभागों के कार्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने बैठक में मौजूद सभी जोन कमिश्नरों से शहर में सूखे और बंद पड़े बोरवेल का सर्वे कर सुधार करवाने निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए जोन स्तर पर पंजीकृत जियो हाइड्रो लाजिस्ट के माध्यम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग अधिक से अधिक स्थानों पर करवाने की हिदायत दी। बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने सभी पानी टैंकरों में अनिवार्य रूप से जीपीएस सिस्टम लगवाना सुनिश्चित करने के निदेश दिए हैं। आयुक्त संबित मिश्रा ने रायपुर जिला मलेरिया विभाग के साथ समन्वय बनाकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में वेक्टर जनित रोगों के कारगर रोकथाम के लिए आम जनता को इसके लक्षणों, बचाव के उपायों की जानकारी देने जन जागरण अभियान चलाने कहा है। शहर के सभी वार्डों में मच्छरों के नियंत्रण के लिए एंटी लार्वा फागिंग, बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई का कार्य पूरा करने जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन के कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी और सहायक अभियंताओं की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर गौरव सिंह ने समीक्षा बैठक के दौरान दिए निर्देश

# जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा छोड़ किया बंद, 8 ग्रामों में कार्यरत निर्माण एजेंसियों का अनुबंध निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत अनेकों ग्रामों में पिछले कई वर्षो से कार्य अपूर्ण हैं, वहीं कई ग्रामों में कार्य पूर्ण होने के बाद भी ग्रामवासियों को इस योजना के तहत घर-घर पेयजल की सुविधा मिल नहीं पाई है। हरिभूमि ने ऐसे ही कई ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों की पड़ताल कर प्राथमिकता के साथ खबर प्रकाशित की। इस खबर का असर यह हुआ है कि कलेक्टर गौरव सिंह ने गुरुवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक में 8 ग्रामों में जल जीवन मिशन का कार्य करने वाली निर्माण एजेंसियों का अनुबंध निरस्त कर दिया है। साथ ही उनकी जमा राशि को राजसात करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में गुरुवार को जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव ने जानकारी दी कि 8 ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्यों में कार्यरत निर्माण एजेंसियों द्वारा घोर लापरवाही बरती गई है। अधूरा कार्य कर एजेंसियों ने काम बंद कर दिया है। इन एजेंसियों को कई बार नोटिस भी जारी किया गया है, लेकिन उनके द्वारा न ही कोई जवाब आया और न ही कार्य पूर्ण करने में रुचि ली जा रही है। इससे इन ग्रामों में पेयजल जैसी अतिआवश्यक सेवा के कार्य में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों की बातें सुनने के बाद इस पर गहरी नाराजगी जताई और कार्यपालन अभियंता को संबंधित निर्माण एजेंसियों के अनुबंध तत्काल निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

### निर्माण एजेंसियों की जमा राशि होगी राजसात, ब्लैक सूची में शामिल



कलेक्टर ने इन सभी निर्माण एजेंसियों का अनुबंध निरस्त करने के साथ अधिकारियों को उनकी जमा राशि (ईएमडी) को भी राजसात करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इन एजेंसियों को ब्लैक सूची में डालने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में जिले की जल जीवन मिशन की निविदाओं में भाग नहीं ले सकें।

### इन ग्रामों की निविदाएं हुईं निरस्त

आरंग ब्लॉक के ग्राम गोढ़ी, राटाकाट एवं मालीडीह, अभनपुर ब्लॉक के ग्राम हसदा एवं टीला, धरसींवा ब्लॉक के ग्राम सारागांव एवं तर्रा तथा तिल्दा ब्लॉक के ग्राम छपोरा शामिल हैं।

### अफसर, इंजीनियरों की लापरवाही भी उजागर

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिले में कई ग्रामों में निर्माण एजेंसियों की लापरवाही के कारण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं, वहीं कई ग्राम में कार्य पूर्ण होने के बाद भी ग्रामवासियों को पानी मिल नहीं पा रहा है। इससे पता चलता है कि निर्माण एजेंसियों ने कार्य में बड़ी लापरवाही बरती है, वहीं पीएचई विभाग के अफसर एवं इंजीनियरों द्वारा भी कहीं न कहीं लापरवाही बरती गई है। हालांकि इस मामले में अब तक अफसर या इंजीनियरों के विरुद्ध अब तक कोई गाज नहीं गिरी है।

### 100 से अधिक ग्रामों में कार्य अधूरे

जिले में 477 ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य किए जा रहे हैं। पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन कई बार दावा कर चुके हैं कि लगभग तीन सौ से अधिक ग्रामों में इस योजना के तहत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत रायपुर के सदस्यों ने सामान्य सभा की बैठक में इन आकड़ों को फर्जी बता चुके हैं।सदस्यों ने आरोप लगाया था कि जिले में लगभग दो सौ ग्रामों में अब तक कार्य अधूरे हैं, जबकि विभाग ने ग्राम पंचायतों को शत-प्रतिशत कार्य होना बता दिया है। हालांकि विभाग ने एक आकड़ा यह भी सामान्य सभा में प्रस्तुत कर चुका है कि 177 ग्राम में अब तक पानी की सुविधा अलग-अलग कारण से शुरू नहीं हो पाई है। इनमें लगभग 100 ग्राम ऐसे हैं, जहां कार्य अपूर्ण हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम छपोरा में पिछले 6 वर्ष से जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। इस गांव में पानी टंकी के निर्माण ही ले-देकर हुआ है, लेकिन वर्टिकल कनेक्शन व फिनिसिंग का कार्य अब तक अपूर्ण है। इसके साथ ही घर-घर नल कनेक्शन भी शतप्रतिशत लग नहीं पाए हैं। इस तरह लंबे समय से गांववासी निर्माण एजेंसी एवं पीएचई विभाग के अफसरों की लापरवाही के कारण पानी की समस्या से जूझते आ रहे हैं।

## सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाई जा रही थीं दुकानें



### शिकायत के बाद हटाई गई

**रायपुर।** जिले के तिल्दा इलाके में सरकारी भूमि पर कब्जा कर दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत होने पर राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को इन दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़कर सरकारी भूमि को कब्जा से मुक्त कराया। दरअसल सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत सुशासन तिहार के दौरान लगे जनसमस्या निवारण शिविर में कुछ लोगों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से की थी। इस शिकायत पर मंत्री ने राजस्व विभाग को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई।

तहसीलदार रामप्रसाद बघेल के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस विभाग की टीम ने बीएनबी हाई स्कूल से कॉलेज मार्ग के बीच सरकारी जमीन पर बन रही तीन अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि इस जमीन पर कोई रसूखदार कब्जा कर यहां अवैध रूप से दुकानें बनवा रहा था। मंत्री से शिकायत के बाद जब इस भूमि का तहसीलदार द्वारा सीमांकन कराया गया, तो पता चला कि यह भूमि सरकारी है। इसके बाद निर्माणाधीन दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। विभागीय अधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में तिल्दा-नेवरा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा।

## भाजपा बोली- प्रदेश में बढ़ते अपराध के पीछे कई कांग्रेसी नेताओं का हाथ



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ विजय शंकर मिश्रा ने कहा, प्रदेश में बढ़ते अपराध के पीछे कई कांग्रेसी नेता और उनके कार्यकर्ताओं का हाथ होता है। छत्तीसगढ़ में लोग शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करें यह कांग्रेसी नेता नहीं चाहते। अपराध करने की आदी हो चुकी कांग्रेस पार्टी के कई नेता अब अपने घर में काम करने वाले लोगों को भी अपराधी बनाने का काम कर रहे हैं और उन्हें प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए तैयार कर रहे हैं।

डॉ मिश्रा ने कहा, भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक से मोबाइल लूटने वाला आरोपी का एक सीनियर कांग्रेस लीडर के घर आना-जाना था। अपराधी के पिता भी कांग्रेस नेता के घर काम करते हैं। जो इस बात को साबित करती है कि हर अपराध के पीछे कांग्रेस एवं कांग्रेसी नेताओं का हाथ होता है। डॉ मिश्रा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं पर केंद्रीय जांच एजेंसियों और स्थानीय पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई है। इनमें कई कांग्रेसी नेता का नाम बड़े घोटालों से लेकर स्थानीय स्तर के वित्तीय और अन्य अपराधों के मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोयले घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छत्तीसगढ़ में करीब 540 करोड़ के कथित कोयला लेवी घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई।

## रायपुर में कमिश्नरी फेल, अब दुर्ग बिलासपुर में करेंगे लागू

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अपराधों में नियंत्रण का नाम लेकर रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की गयी, 5 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गयी। उसके बाद भी अपराधों में कोई नियंत्रण नहीं हुआ।

आज भी लूट, चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। रायपुर में फेल सिस्टम को भाजपा सरकार दुर्ग, बिलासपुर में भी लागू करने जा रही है। प्रदेश में बढ़ते अपराध के लिए गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। बीमारी कुछ है, इलाज कहीं और ढूंढा जा रहा। उन्होंने कहा, रायपुर पुलिस कमिश्नरी, वसूली कमिश्नरेट बन गया है। राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को सुधारने के नाम पर सरकार ने राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की थी, राजधानी की कानून व्यवस्था में कोई सुधार तो नहीं हुआ, कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के कारण नागरिकों की परेशानी जरूर बढ़ गई। अपराध और अपराधी तो बेलगाम हैं ही, अब सड़क पर पुलिस का चालान नागरिकों में एक नया खौफ पैदा कर रहा है।



कमिश्नरी प्रणाली का काम केवल ट्रैफिक के नाम पर वसूली करना मात्र ही है। क्या पुलिस अपराधों के नियंत्रण तथा पुलिस की गश्ती व्यवस्था को सुधारने गली, मुहल्ले में पुलिस के संरक्षण में बिक रहे सूखे नशे के कारोबार पर भी रोक लगाना भी है, पुलिस की पूरी सक्रियता केवल चालान भेजने और वसूली करने तक है? किसी चौराहे पर लोगों की मदद करते पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी कभी नहीं दिखता है।

### दोंदे मंडल के पदाधिकारियों ने मनाई पुण्यतिथि, किया याद



**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले दोंदे मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री और 'भारत रत्न' राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। साथ ही उन्हें नमन किया। इस मौके पर रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी पूर्व जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद करने हुए बताया कि उन्होंने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की, जिससे देश के युवाओं को लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी मिली। इसके अलावा उन्होंने जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। साथ ही भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर देश को 21वीं सदी के लिए तैयार किया। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का ऐतिहासिक कदम उन्हीं के विजन का हिस्सा था। इस अवसर पर आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में संकल्प लिया गया और शीतल पेय वितरित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जनपद सदस्य-मंडल उपाध्यक्ष भगत बंजारे, दीपा साहू, रामचन्द साहू, सूर्यप्रताप बंजारे, मंशा निर्मलकर, सरवन निषाद, संत सोनवानी, सतेन्द्र चेलक, हेमंत बंजारे, संतूराम साहू, सुरेश, लखन शिवदयाल, निलेश जांगड़े, मनीष वर्मा, गगन वर्मा, प्रेमीन बंजारे, चंपा साहू सहित बड़ी संख्या में बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, आतंकवाद के खिलाफ ली शपथ

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ऐतिहासिक कांग्रेस भवन पहुंचकर राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। रायपुर ग्रामीण के सभी 11 ब्लॉकों में भी राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके देश के प्रति योगदान को याद करते हुए आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी ली। जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और युवाओं को नई दिशा देने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनकी शहादत को देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी जी के विचारों और देशहित के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में धरसीवा से आशीष वर्मा, खरोरा से अश्वनी वर्मा, तिल्दा शहर से आजितेश शर्मा, बलदाऊ साहू, बिरगांव से योगेंद्र सोलंकी, अभनपुर से विद्याभूषण सोनवानी, नयापारा ग्रामीण से गिरधारी साहू, नयापारा शहर से रामा यादव, आरंग से कोमल साहू, चंदखुरी से ओम प्रकाश यादव एवं आरंग शहर से खिलावन निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया नमन



*नगर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर पुराना फायर ब्रिगेड चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।*

## विधायक मूणत और महापौर ने किया भूमिपूजन

# पश्चिम के 2 वार्डों में 2.52 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने महापौर मीनल चौबे के साथ मिलकर गुरुवार को संत रामदास वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में एकमुश्त 2 करोड़ 52 लाख रुपए के नए विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। रामनगर कर्मा चौक से दिशा कालेज तक गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए बड़े नाला का निर्माण कार्य कराया जाएगा। 1 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण का भूमिपूजन इस मौके पर किया गया। शीतला पारा में सुगम आवागमन की सुविधा देने सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। श्री मूणत ने रामनगर मुक्तिधाम में शेड, कुर्सी लगवाने विधायक निधि से 25 लाख रुपए का स्वेच्छानुदान देने की घोषणा की।




- *विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल ने किया भूमिपूजन*
- *संत रामदास वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के नागरिकों को मिलेगी राहत*

### शिकायत मिलने पर होगी तत्काल एक्शन

*महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त संबित मिश्रा और जोन 7 के जोन कमिश्नर को निर्देश दिए कि रामनगर में कहीं पर भी अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर तत्काल एक्शन लें। महापौर ने वार्ड के रहवासियों से घरों में वर्षा जल संचयन करने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पिट लगवाने की अपील की। इसके साथ ही मीनल चौबे ने वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू की सक्रिय कार्यशैली और जागरूकता की सराहना की।*

### ये रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, राजेश देवांगन, पूर्व पार्षद ओंकार बैस,खेमराज साहू, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, उप अभियंता सुरेंद्र श्रीवास, प्रेरणा अग्रवाल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।*

## अश्लील वीडियो बनाकर बुजुर्ग वकील से ब्लैकमेलिंग

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग करने के आरोप में एक नाबालिग सहित आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपी राखी थाना क्षेत्र के नवागांव के रहने वाले हैं। बदमाशों ने बुधवार को अश्लील वीडियो पोस्ट कर पैसों की मांग की थी। पंडरी, अशोका विहार कालोनी निवासी कृष्ण कुमार त्रिपाठी (64) से ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने तामेश्वर सोनवानी, राजकुमार कुर्रे, कोमल यादव, छोटू टंडन, सैयद सैफ अली तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वकील ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना



दिनांक को शाम साढ़े पांच बजे के करीब उसके मोबाइल में एक मिस कॉल आया। कॉल बैक करने पर जालसाजों ने कहा कि हम आपके मोबाइल में एक वीडियो भेज रहे हैं, जिसे देख लेना। जालसाजों ने वकील को एडिटेड अश्लील वीडियो भेजा। वीडियो देख वकील सकते में आ गया। इसके बाद जालसाजों ने वकील को धमकी देते हुए पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर वीडियो सोशल मीडिया में पोस्ट कर बदनाम करने की धमकी दी।

## एआईसीसी ने की छत्तीसगढ़ ओबीसी कांग्रेस में 39 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के ओबीसी विभाग ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है। प्रदेश के 33 जिलों में शहर और ग्रामीण इकाइयों को मिलाकर कुल 39 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने नियुक्ति अधिसूचना जारी की है।

### इन्हें मिली ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

रायपुर शहर से लक्ष्मण सेन और रायपुर ग्रामीण से मुकेश साहू को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बलौदा बाजार शहर में गणेश शंकर साहू और ग्रामीण क्षेत्र में घनश्याम पटेल को जिम्मेदारी मिली है। गरियाबंद से गजेंद्र साहू, जबकि महासमुंद ग्रामीण से कुनाल चंद्राकर को नियुक्त किया गया है। धमतरी शहर में प्रमोद सिन्हा और ग्रामीण क्षेत्र में लखेश्वर साहू को कमान सौंपी गई है।

**दुर्ग-राजनांदगांव संभाग में नई जिम्मेदारियां:** दुर्ग शहर से शिशिरकांत कसार और दुर्ग ग्रामीण से संतोष देशमुख को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। राजनांदगांव शहर में सचिन दुरहटे और ग्रामीण क्षेत्र में रोशन साहू को जिम्मेदारी दी गई है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से भैयाराम यदु तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से पुरुषोत्तम वर्मा, कवर्धा से नेमीचंद पटेल को भी नियुक्ति मिली है।

## खबर संक्षेप

### गौरव सिंह देश के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 में शामिल

**रायपुर।** फेम इंडिया और एशिया पोस्ट द्वारा जारी सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026 विशेषांक में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले के कलेक्टर गौरव सिंह को देशभर के टॉप कलेक्टर्स में शामिल किया गया है। उन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट प्रशासन, नवाचार और प्रबंधन कौशल के लिए दिया गया है। फेम इंडिया और एशिया पोस्ट द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए मूल्यांकन में 10 प्रमुख मानकों के आधार पर देशभर के लगभग 800 जिलों के अधिकारियों का आकलन किया गया है। इसमें से 100 सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारियों का चयन किया गया, जिनमें रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह भी शामिल हैं। विशेषांक में डॉ. सिंह द्वारा जिले में जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक पारदर्शिता, नागरिक सेवाओं के सरलीकरण तथा नवाचारी पहलों को विशेष रूप से सराहा गया है।

### 3 माह का चावल वितरण में रायपुर टॉप पर

**रायपुर।** तीन माह का चावल वितरण में प्रदेश में रायपुर जिला टॉप पर है। जिले में वितरण का प्रतिशत 107.21 पहुंच चुका हैं, वहीं प्रदेश में वितरण का कुल आकड़ा 99.12 है। रायपुर के अलावा 100 प्रतिशत से अधिक चावल वितरण वाले जिलों में धमतरी 101 प्रतिशत, दुर्ग 102.88 प्रतिशत, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 107.20 प्रतिशत, कोरबा 107.2 प्रतिशत, रायगढ़ 101.26 प्रतिशत एवं राजनांदगांव में 100.25 प्रतिशत वितरण हुआ है।

### चाकू के साथ धरे गए तीन बदमाश

**रायपुर।** अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइंस एवं थाना तेलीबांधा पुलिस द्वारा पृथक-पृथक कार्रवाई करते हुए कुल तीन बदमाशों को अवैध रूप से बटनदार चाकू रखने एवं सार्वजनिक स्थान पर भय उत्पन्न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिव मंदिर के पास, राजातालाब, तरुण नगर स्थित शीतला तालाब क्षेत्र में कुछ आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे बदमाश मो. सोहेल खान एवं प्रदीप दीप उर्फ माया तथा सतीश बघेल को गिरफ्तार किया।

## पेज 9 के शेष

### बलौदाबाजार-महासमुंद ...

जंगल या उसके आसपास महुआ, लकड़ी अथवा अन्य वनोपज संग्रह के लिए न जाएं। हाथी को देखने के लिए भीड़ न लगाएं और न ही उसे उकसाने की कोशिश करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पत्थर मारना, पटाखा फोड़ना या सेल्फी लेने जैसी हरकतें जानलेवा साबित हो सकती हैं।

### महानदी के तट...

आबिद खान और ग्राम धमनी, सलौनी, खैरी के कमांडो दल अध्यक्ष सचिव सदस्यों छात्र छात्राओं की उपस्थिति मे छत्तीसगढ़ महतारी के फोटो की पूजा अर्चना की गई। मंच संचालक एंव अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव द्वारा विश्व जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम के आयोजन का महत्व बताया गया। ग्राम धमनी के युवा ग्राम अध्यक्ष पीलाराम निर्मलकर एव जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा के वक्तव्य मे सभी जीवजंतु के प्रति दया भाव रखने की अपील की गई। कार्यक्रम मे अंचल के प्रसिद्ध कलाकार मिनेंद कुमार यादव और मनबोधन टंडन एंव निमित्त ध्रुव, गोल्डा निषाद साथियों द्वारा वन पर्यावरण पर प्रेरणादायक जंगल मे आग ना लगे, पेड़ पौधों की रक्षा पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम मे संजय कन्नौजे, भूपेंद्र मनहर, मुस्ताक सोनवानी, दुलार सिह पैकरा, मन्नु, जीतराम, कार्तिक, पिंटु, भद्रेष, रमेश यदु,नरोत्तम निषाद, विनोद निषाद, हिरेंदयदु,महिला कमांडो दल धमनी पदाधिकारी कृष्णा, माधुरी, प्रिति देवी, गोदावरी कन्नौजे, जमुना, नीता बाई, दुर्गा, प्रमिला यदु, इन्दर, तिरिथ राम, नंदकुमार बंजारे, देवप्रसाद, आशा खुंटे, विमला रात्रे, हेमलाल, लक्ष्मी, सुशीला, किरण सुरेश कंवर, जोहत राम, शहर बाई, सीताबाई, कमल कनौजे, रामेश्वरी, राधिका, संतोषी सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे ।

**अभियान :** धाराशिव में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर बना समस्याओं के समाधान का माध्यम

# सुशासन शिविर में मिले राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, कृषि आदान, पीएम आवास प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव/बिलाईगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल और नेतृत्व में प्रदेश भर में संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्रामीणों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के विभिन्न ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर पदमिनी भोई साहू की अध्यक्षता में बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत धाराशिव के स्कूल प्रांगण में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर क्लस्टर में 20 पंचायतों के ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला शिविर में अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की, जबकि शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। इसमें आए हुए अतिथियों तथा जनप्रतिनिधियों सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पेयजल समस्या का निराकरण करने और सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाएं। इस क्लस्टर जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल गांवों के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायतवार अपने आवेदन का पंजीयन कराया। शिविर में स्वास्थ्य, आयुष और पशुधन विभाग द्वारा उपचार की व्यवस्था की गई थी।

■ विभाग ने लगाए स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई जानकारी

इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा स्वसहायता समूह को एवं अन्य हितग्राहियों को राशन कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, कृषि आदान, पीएम आवास ग्रामीण पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ-साथ गर्भवती माताओं का गोदभराई रस्म एवं शिशुओं का अन्न प्रासन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें कृषि, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, रेशम पालन, श्रम विभाग आदि शामिल थे। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने प्रत्येक विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर आवेदन व हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की जानकारी ली ग्रामीणों ने समाधान शिविरो के माध्यम से नामांतरण सीमांकन बंटवारा पेंशन प्रधानमंत्री आवास रोजगार पेयजल सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को बहुत राहत मिल रही है।इस अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिला कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत के सीईओ इंद्रजीत बर्मन, एस डी एम बिलाईगढ़ प्रफुल्ल रजक, सीईओ जनपद पंचायत बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, तसीलदार भटगांव नीलिमा अग्रवाल, कमलेश कुमार सिदार एवं बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण जन उपस्थित थे।





## जनसमस्या निवारण शिविर में 855 आवेदन मिले, 110 मामलों का तत्काल निराकरण

**सेल/ गिधौरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में चल रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को कसडोल विकासखंड के ग्राम कोटियाडीह में विशाल जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों का भारी जनसैलाब उमड़ा, जहां लोगों ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने के साथ अपनी समस्याएं भी प्रशासन के समक्ष रखीं। कोटियाडीह में आयोजित इस शिविर में हसुवा, धमलपुर, बलौदा, गिधौरी, घटमड़वा, खपरीडीह, कुम्हारी, बरपाली, मोहतरा (ह), नरधा, नवरंगपुर, पुलेनी, कौवाताल, सुकली, बरेली, मटिया, अमलीडीह एवं खपरडीह सहित अनेक गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान एवं महिलाएं शामिल हुईं। शिविर के दौरान कुल 855 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 110 मामलों का तत्काल निराकरण कर प्रशासन ने संवेदनशील कार्यशैली का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके सपनों के आशियाने की चाबियां सौंपी गईं। वहीं किसानों को ऋण स्वीकृति के चेक वितरित कर आर्थिक मजबूती की दिशा में राहत प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनके संबोधन को ग्रामीणों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। शिविर में जनपद पंचायत कसडोल की अध्यक्ष कुसुम पैकरा, उपाध्यक्ष देवानंद नायक, सभापति व्यासनारायण श्रीवास, जनपद सदस्य राजावर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष कपिल नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष छतराम साहू, सत्यभामा साहू, पूर्व जनपद सदस्य रामगोपाल साहू, भोजराम साहू, साधराम प्रजापति, एमएल वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं प्रशासनिक अमले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामरतन दुबे, टुण्ड्रा तहसीलदार युवराज कुर्रे, जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश साहू, पीएचई विभाग के एसडीओ मनोज दाकोड़े, खाद्य निरीक्षक शितलेश यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।





शिविर को प्रशासन और आमजन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विधानसभा बिलाईगढ़ एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ डॉ . सनम जांगड़े ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब किसान महिला एवं युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। मातृशक्ति, स्व सहायता समूह, एवं लखपति दीदी योजना महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। जनसमस्या निवारण



## गिधपुरी के सुशासन तिहार में मिले 1722 आवेदन

भवानीपुर। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत गिधपुरी में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। शिविर में ग्राम पंचायत खपरी भ, गिधपुरी, देवगांव, मोहगांव, तेलासी, मलपुरी, मोहन, बिजराडीह, बोहारडीह, हरिनभट्ठा, सुन्द्रावन, गैतरा, जर्वे, गाड़ाकुसमी, चरौदा और बम्हनी सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागावार काउंटर लगाए गए थे। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, भूमिहीन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की गई।प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार शिविर में कुल 1722 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1656 मांग संबंधी तथा 63 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। इसी बीच ग्राम पंचायत खपरी भ के आश्रित ग्राम तमोरी के ग्रामीण अपनी पुरानी मांग को लेकर शिविर पहुंचे। ग्रामीणों ने तमोरी को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग दोहराई। हालांकि जिला प्रशासन और मंत्री स्तर के प्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने से ग्रामीण मायूस नजर आए। आवेदन सौंपने के बाद ग्रामीण वापस लौट गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिविर स्थल पर भीषण गर्मी के बावजूद पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। तेज धूप के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रही। यह मामला पूरे आयोजन में चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रम में पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता भीम यादव, जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : संदीप साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी द्वारा संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत दिवस पर कांग्रेस नेताओं व पदाधिकारियों ने श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू ने उनकी जीवनी को याद करते हुए कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी एक स्वप्नदृष्टा थे। उन्होंने गरीबों के उत्थान और अत्याधुनिक अधोसंरचना विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने देश में संचार क्रांति की शुरुआत की और पंचायती राज जैसी व्यवस्था दी, जिसके बदौलत भारत आधुनिक युग में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने देश को 21वीं सदी में लाने का काम किया। आकाशवाणी दूरदर्शन और कंप्यूटर जैसी टेक्नोलोजी देश में लाकर देश को तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने का कार्य भी राजीव गांधी ने किया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि राजीव जी ने ऐसे आधुनिक भारत का सपना देखा जो,तकनीक शिक्षा,ग्रामीण समृद्धि और युवा शक्ति के बल पर पुरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई!यह हम सभी के लिए बड़े गौरव की बात है की ऐसे दूरदर्शी युवा देश के लिए बलिदान होकर आज अपनी कभी न खत्म होने वाली प्रेरणा हमारे दिलो में स्मृत हो रहे है। आने वाले युगों तक कांग्रेस परिवार के हर सदस्य को राजीव गांधी के सपनों को साकार करने की ऊर्जा और प्रेरणा देता रहेगा।

■ ब्लॉक कांग्रेस ने शहद दिवस पर राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे,नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, झड़ीराम कन्नौजे, मेघनाथ यादव,ने भी राजीव जी के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्रकार, पूर्व रजककार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे, ब्लॉक उपाध्यक्ष मेघनाथ यादव, सनत वर्मा, राजकुमार साहू, महामंत्री गुलाब यदु, रूखमणी तेहरवंश, केजराम यादव, इंद्रकुमार वर्मा, घनश्याम वर्मा, धर्मेंद्र रात्रि, रसूल बेग सहित कांग्रेसियों ने पुष्पांजली अर्पित की।

## ड्रंक एंड ड्राइव मामले में 61 नशेड़ी धरे गए

**रायपुर।** ड्रंक एंड ड्राइव कर गाड़ी चलाने वाले नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को ट्रैफिक पुलिस ने 61 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। एडीसीपी ट्रैफिक डीआर पोर्ते के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने शहर के नौ स्थान तेलीबांधा चौक, पचपेड़ी नाका चौक, भाठागांव चौक, टाटीबंध चौक, कालीबाड़ी चौक, जयस्तंभ चौक,भनपुरी चौक एवं पंडरी थाने के सामने टीम बनाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 61 वाहन चालकों में से 32 कार, 15 मोटरसाइकिल, 8 टाटा एस., 2 मेटाडोर, 4 ट्रक को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**भाटापारा।** जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम कैथी में 5 लाख की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। यह निर्माण कार्य गांव में जल निकासी की समस्या के समाधान और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर नाली व्यवस्था से ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, ग्राम के सरपंच शत्रुघ्न, बलराम वर्मा सहित प्रमुख जन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मनोहरा में तीन दिनों तक चली श्रीराम कथा

हथबंद। शांति महिला कमांडो समिति द्वारा तीन दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन ग्राम पंचायत मनोहरा में रखा गया, जिसमें कथा ब्यास सत्यव्रत शास्त्री एवं आचार्य टीकाराम भट्ट का प्रवचन रहा। उपस्थित श्रोताओं को पुरुषोत्तम मास की महिमा बताते हुए कहा कि साधारण समय में किए गए भजन पूजा की अपेक्षा पुरुषोत्तम मास की उपासना अनंत फल देने वाला होता है। शास्त्री ने रामायण के प्रसंग में बताया कि भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर हम नर से नारायण बन सकते हैं। साथ में यह भी कहा कि गाय की सेवा ही भगवान की सेवा है। यह भी बताएं कि हम अधिक से अधिक पौधारोपण करें, कार्यक्रम में कन्या पूजा एवं भंडारे प्रसाद का आयोजन भी रखा गया।



### युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** माना थाने में एक युवक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बगैर किसी कारण के उस पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बोरियाखुर्द निवासी चेतेंद्र साहू ने चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। चेतेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपनी गाड़ी से जा रहा था। इस दौरान डूमरतराई मेनरोड के पास कुछ लड़कों ने उसका रास्ता रोका और चेतेंद्र के साथ गाली-गलौज कर उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए।

# बढ़ी गर्मी, दिनभर चल रही गर्म हवा, तापमान 44 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जीना बेहाल कर दिया है। लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। दोपहर 12 बजे से पहले ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो। सड़कें सुनसान हो रही हैं। भीषण गर्मी से बचने लोग घरों में दुबक कर रह रहे हैं। 22 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किए गए हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने के आसार है। यानी अभी गर्मी से राहत के कोई असार नहीं है। इस वर्ष बढ़ रही भीषण गर्मी से कई सालों के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अंचल भर में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बुधवार 13 मई और 14 मई को हुई झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिलने के बाद 15 मई दिन शुक्रवार से तेज धूप भीषण गर्मी और उमस ने आम जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सुबह होते ही सूरज के तीखे तेवर लोगों को झुलसाने लगे हैं। दोपहर 12 बजे से पहले होते-होते सड़के पूरी तरह से सुनी पड़ जा रही है। गर्म हवाओं के थपेड़ों और चिलचिलाती धूप के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि की जा रही है। दोपहर के समय हालात ऐसे हो जाते हैं कि लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों चौक चौराहो और सार्वजनिक स्थलों पर सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ काफी कम नजर आ रही है।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

### हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का बढ़ा खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस तरह की भीषण गर्मी में लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। तेज धूप में अधिक देर तक रहने से हीट स्ट्रोक डिहाइड्रेशन सिरदर्द चक्कर और बुखार जैसी समस्याएं हो जाती है। खासकर बुजुर्गों छोटे बच्चों और पहले से बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।



### ठंडे पेय पदार्थों की मांग में भारी इजाफा

राहगीर भी धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते दिखते हैं। भीषण गर्मी और उमस के कारण लोगों का पसीना थमने का नाम नहीं ले रहा है। 44 डिग्री सेल्सियस की आग उगलती तेज गर्मी से बचने लोग कूलर पंखा एसी का सहारा ले रहे हैं फिर भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रहा है। आग उगलती सूरज की किरणें व तन को झुलसा देने वाली धूप से लोग बिलबिला रहे हैं। वही तेज धूप और भीषण गर्मी में लोग बार बार पानी, नींबू पानी, शरबत, गन्ना जूस और अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। इसका सीधा असर बाजार और दुकानों में भी देखने को मिल रहा है। दुकानदारों ने बताया कि आइसक्रीम बर्फ और कोल्ड ड्रिंक की मांग में अचानक काफी बढ़ोतरी हुई है। पिछले कुछ दिनों से इन उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है।

## एक पेट्रोल पंप सील, दूसरे को केवल समझाइश, कांग्रेस ने कसा तंज

# क्षेत्र में प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की किल्लत और बढ़ती मांग के बीच प्रशासन द्वारा ईंधन की बिक्री एवं वितरण पर सख्ती बरती जा रही है। इसी बीच सिमगा विकासखंड में पेट्रोल पंपों पर हुई दो अलग-अलग प्रशासनिक कार्रवाइयों ने अब सवाल खड़े कर दिए हैं।

एक ओर भारी अनियमितता के आरोप में दरचुरा स्थित सीमा पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया, वहीं दूसरी ओर सकलोर स्थित जियो सीमा पेट्रोल पंप में डिब्बों एवं जरीकनों में डीजल दिए जाने का वीडियो वायरल होने के बावजूद केवल समझाइश देकर छोड़ दिए जाने की कार्रवाई अब चर्चा का विषय बन गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सकलोर स्थित जियो सीमा पेट्रोल पंप का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें प्लास्टिक के जरीकनों और डिब्बों में डीजल दिए जाने के साथ भारी भीड़ और लाइन लगी दिखाई दे रही थी। वायरल वीडियो अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अतुल सेठे एवं तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा तक पहुंचा, जिसके बाद दोनों अधिकारी पेट्रोल पंप पहुंचे और वहां स्टॉक सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गई। जांच के दौरान पेट्रोल पंप संचालक को यह समझाइश दी गई कि प्लास्टिक के जरीकनों एवं डिब्बों में पेट्रोल-डीजल का विक्रय नहीं किया जाए। इसके बाद अधिकारी वापस लौट गए।

उल्लेखनीय है कि इसके एक दिन पहले ही सिमगा क्षेत्र के दरचुरा स्थित सीमा पेट्रोल पंप की शिकायत एसडीएम अतुल सेटे को मिली थी। शिकायत के बाद एसडीएम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भारी अनियमितता पाए जाने पर पेट्रोल पंप को सील कर उसकी प्रतिवेदन रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया। ऐसे में अब आम लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि एक पेट्रोल पंप पर सख्त कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया जाता है, जबकि दूसरे पेट्रोल पंप में वायरल वीडियो और डिब्बों में ईंधन दिए जाने के बावजूद केवल समझाइश देकर छोड़ दिया जाता है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और लोगों का कहना है कि कार्रवाई में समानता दिखाई नहीं दे रही।


दरचुरा स्थित सीमा पेट्रोल पंप के संचालक का कहना है कि उनके पेट्रोल पंप की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी तक पहुंची थी, जिसके बाद एसडीएम द्वारा कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया। वहीं सकलोर स्थित जियो पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि एसडीएम एवं तहसीलदार निरीक्षण के लिए पेट्रोल पंप पहुंचे थे और डिब्बों में पेट्रोल-डीजल नहीं देने की समझाइश दी गई है, जिसके बाद से जरीकनों एवं डिब्बों में पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जा रहा है।

## सिमगा के दरचुरा स्थित सीमा फ्यूलस और सकलोर के जियो पंप का मामला

### एक को सील और दूसरे पंप संचालक को समझाईश देना गलत

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा एक पेट्रोल पंप को सील करना और दूसरे पेट्रोल पंप को केवल समझाइश देकर छोड़ देना उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की कार्रवाई में समानता दिखाई देनी चाहिए, लेकिन यहाँ एक को मां तो दूसरे को मौसी वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आ रही है।





### वीडियो वायर हुआ था

तहसीलदार किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि जियो पेट्रोल पंप की कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, लेकिन डिब्बों में पेट्रोल-डीजल दिए जाने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसे स्वतः संज्ञान में लेते हुए एसडीएम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में डिब्बों और जरीकनों में पेट्रोल-डीजल का विक्रय न किया जाए।

### जियो पेट्रोल पंप की कोई शिकायत नहीं

उक्त संबंध में एसडीएम अतुल सेटे ने कहा कि जियो पेट्रोल पंप की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, बल्कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले को संज्ञान में लिया गया था। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में जरीकन एवं डिब्बों में पेट्रोल-डीजल का विक्रय नहीं किया जाए। साथ ही वायरल वीडियो के आधार पर पेट्रोल पंप संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

# अघोषित बिजली कटौती से जनता त्रस्त : सुशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुये कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती पर रोक नहीं लगाई गई तो कांग्रेस जन जनता जनार्दन के हितार्थ बिजली ऑफिस का घेराव करने बाध्य होंगी।



- कटौती में शीघ्र लाए सुधार, नहीं कांग्रेस करेगी बिजली दफ्तर का घेराव

उन्होंने कहा की शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे जनता जनार्दन त्रस्त हो चुकी है और अधिकारी अपने कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे। इस भीषण गर्मी के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही अब बर्दास्त के बाहर है।

भीषण गर्मी में एक तरफ़ बिजली की मनमानी कटौती की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ़ उपभोक्ताओं को मनमानी बिजली बिल भेजा जा रहा है। एक दिन भी ऐसा नहीं जाता जब दो से चार घंटा बिजली बंद न होती। ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति अत्यंत भयावह है। जहां रात-रातभर बिजली बंद कर दी जाती है। विद्युत वितरण कंपनी उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये फ्यूज काल सेंटर खोला गया है, जहां कर्मचारी उपलब्ध ही नहीं रहते। रात हो या दिन फ़ोन नहीं उठाते। फ्यूज सेंटर पर कार्य करने वाले ऐसे कर्मचारी को तत्काल ही हटाकर योग्य और जिम्मेदार कर्मचारी की नियुक्ति किया जाए।

उन्होंने भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार जनता जनार्दन के हितार्थ बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये बिजली बिल हाफ़ योजना का सुचारू रूप से संचालन किया, जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिला, मगर सत्तासीन भाजपा सरकार ने इस जन कल्याणकारी योजना को बंद कर जनता के हितों पर कुठाराघात किया है। यदि बिजली विभाग के अधिकारी तत्काल इस अघोषित बिजली कटौती पर रोक नहीं लगाती है, तो समस्त कांग्रेसजन सड़क पर उतर कर जंगी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# बंगोली बस स्टैण्ड में गतिरोधक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

यहां के बस स्टैण्ड में आए दिन सड़क हादसे से मौत हो रही है। मौत थमने का नाम नहीं ले रही है। विगत दिनों सड़क हादसे में बंगोली निवासी चंद्रप्रकाश खुटे सहित वर्षभर में दर्जनभर लोगों की मौत हो गई।

सभी मौत का कारण बेलगाम गति से दौड़ रही छोटी बड़ी वाहनें है। रायपुर से बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर स्थित बंगोली बस स्टैण्ड जहां आबादी के बीच से सड़क स्थित है, अंचल के दर्जनों गॉवों के लोग यहां दिनभर निजि काम से आते हैं, जहॉ रोड किनारे बैंक ऑफ बड़ौदा,च्वाईस सेंटर, मेडिकल स्टोर्स, महिला हॉस्पिटल सहित दर्जनभर छोटी बड़ी दुकानें स्थित है।



ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच उत्तम वर्मा ने 4 अप्रेल को खरोरा तहसीलदार को बस स्टैण्ड में गति रोधक बनाने की मॉग के लिए ज्ञापन दिया था, परंतु उक्त ज्ञापन पर तहसीलदार द्वारा किसी प्रकार की कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं कीं।

# गोंडा पंचायत में जल संरक्षण के लिए डब्ल्यू ए टी निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

ग्राम पंचायत गोंडा में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डब्ल्यू ए टी (शौकत गढ़ा)निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 1680 गढ़ों का निर्माण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 8 लाख 76 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इस निर्माण कार्य का मुख्य उद्देश्य गांव में जल स्तर को संरक्षित एवं संतुलित बनाए रखना है, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को जल संकट का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए एक बड़ा और दूरदर्शी कदम बताया कार्यक्रम के भूमि पूजन एवं शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा मंडल बलौदाबाजार के पूर्व उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, सरपंच उषा जगेश्वर धीवर, उपसरपंच नोहर वर्मा, पूर्व सरपंच मुरली साहू, वीर सिंह नौरंगे, बोधन भारद्वाज, गीता वर्मा, अश्वनी वर्मा, ईश्वर साहू, चंगू नारगे, किशन मन्हारे, निर्मला जोशी एवं चेतन सेन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- लगभग 1680 गढ़ों का निर्माण, 8 लाख 76 हजार की लागत से होगा कार्य



# रायपुर साहित्य महोत्सव के विजेता छात्र हुए सम्मानित

**भाटापारा।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर द्वारा आयोजित रायपुर साहित्य महोत्सव 2026 अंतर्गत नया रायपुर में जिला स्तरीय कहानी लेखन एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छात्रा तारिणी साहू ने कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता में गौरव सेन ने प्रथम स्थान, मितवा जोशी ने द्वितीय स्थान तथा टेसू निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को जनसंपर्क विभाग की ओर से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 5100, द्वितीय स्थान 3100 तथा तृतीय स्थान प्राप्त 1500 की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को यह चेक महाविद्यालय के प्राध्यापक एनके ध्रुव के हाथों प्रदान किया गया।

प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्यिक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने नेहा केरकेट्टा मैडम का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

